डिप्टी स्पीकर साहब, यहां पर सहि ाक्षा का जिक किया गय और कहा गया कि जहां लडके और लडकियां इकट्ठी पढते है, अच्छी पो ााक पहनते है, गन्दे गाने सुनते है वहां फैमिली प्लाजिग लागू करने का कोई ज्यादा फायदा नहीं है। डिप्टी स्पीकर साहब मै इस बात को नहीं मानता कि अगर इस तरकह से काम चला रहा तो हो सकता है कि परिवार नियोजन के कार्य म ंबाधा आये। आप दूसरे दे ाों मे जाये जो आप दइेखेगें कि वे लोग अच्छा खाते है, पीते है और अच्छी पो ााकें डालते है

लडके लडकियां इकटठे पढते है , फिर भी उनकी आबादी को देखें बढती ही नहीं है। जर्मनी और स्विटजरलैण्ड मे जाकर देखें वहां पर डैथ रेअ ओर बर्थ रेट एक समान है क्योंकि वहां पर गरीब लोगों के कलये एन्टरेटेनमेंट के पूरे साधन उपलब्ध है और उन लोगों का इस तरफ ध्या नही नहीं जाता कि ज्यादा बच्चे पैदा किये जायें .....

श्री उपाध्यक्षः चौधरी साहब, आप दो मिनट मे ंवाइंड अप करें

चौधरी रिजक रामः टाईम न हो तो खत्म कर देता हूं जी। वैसे मै ंतो अभी ही बोलने के लिये खडा हुआ हूं। डिप्टी स्पीकर महोदय, मैं अपनी बहन जी से केवल यही प्रार्थना करूंगा कि हमारे दे ा में लोगों के पास ऐन्टरटेन्मेंट के लिये कोई साधन नहीं है और किसी भी दे ा मे तब तक परिवार नियोजन में कामयाबी नही हो सकती जब तक कि वहां गरीबी को दूर न किया जाये। आपको पता ही है कि यहां पर 50–51 परसैन्ट लोग एक कुनबे के एक ही कोठडी में अपना निर्वाह करते है और उने पास कोई और एन्टरटेनमेंट का साधन नहीं। एक पति ओरपत्नी को जो एक ही छोटे कमरे मे ंसोयेगें उनके पास सिवाये बच्चे पैदा करने के लिये और कोई काम नहीं है। डिप्टी स्पीकर साहब, यह मानी हुई बात है कि जितने अमीर लोग होगें उतने ही बच्चे कम होगें और जितने गीरब लोगा उनके बच्चे ज्यादा होगे क्योंकि अमीर लोगों के पास ऐन्टरटेनमेंट के और भी बहत साधन होते है और गरीब

आदमी का स्टेन्डर्ड आफ लिविंग ऐसा ही है कि उसे सिवाये बच्चे पेदा करने के कोई और काम नहीं होता। इसलिये डिप्टी स्पीकर साहब, मेरी आपके द्वारा सरकार से यह रिकवैस्ट है कि आप जितनी जयादा से ज्यादा ताकत लगा सकते है, वह इस तरफ लगायें जिस से लोगों का स्टेन्डर्ड आफ लिविंग उंचा हो ओर उनको इस बात का अपने आप ही ज्ञान हो कि फैमिली प्लांनिग आव यक हैं डिप्टी स्पीकर साहब, समय ज्यादा नहीं है इसलिये मै एक बात कहना चाहता हूं। जैसे वर्मा साहब ने कहा और मै भी मानता हूं कि हमारे दे ा के कुछ रीति रिवाज है उनको भी ध्यान मे रखा जायें जैसे पहले संयुक्त परिवार होता था और सभी मैंबर एक ही परिवार में इकटठे रहते थे लेकिन आज लडका भाादी होते ही अलग हो जाता है। पहले हमारे कुछ रीति रिवाज थे कि जब लड़की के बच्चा पैदा होना हो तो वह अपने मां बाप के घर चली जाती थी और साल भर के बाद छुछक लेकर आती थी। वे रिवाज अब टुट गए है। आज जवान लड़के और लड़कियां भाादी होते ही माता पिता से अलग हो जाते है। एक बात और है कि आज परिवार नियोजन आप्रे ान के द्वारा किया जाता है ठीक है हमे कोई आपति नही है लेकिन पहले अपने उपर संयम रखकर परिवार नियोजन किया जाता था। उपाध्यक्ष महोदय जब तक स्टैंडर्ड आफ लिविंग नही बढ़ाया जाता तब तक आबादी पर कन्ट्रोल नही हो सकता। मैं एक छोटी सी बात कह कर खत्म करता हूँ। पहले हमारे एक मंत्री महोदया हुआ करती थी। उन्होने परिवार नियोजन की मुहिम बड़े जोर से चलाई और कहा कि कम से कम बच्चे पैदा

करने चाहिए। लेकिन कुदरत की महिमा अलग ही होती है। उसी मिनिस्टर साहिबा के एक साथ दो पैदा गए इसलिए कुदरत के आगे किसी का जोर नही। पहले बच्चे औरत पैदा करती थी लेकिन अब चिट्ठियों के द्वारा बच्चे पैदा होने लग गए हैं। पति तो विलायत मे बैठा है और पत्नी यहां पर है लेकिन फिर भी बच्चा पैदा हो रहा है। भाायद साईस जहां तरक्की कर जाये कि बगैर पत्र के भी बच्चे पैदा होने लग जायें। इन भाब्दों के साथ मैं अपना स्थान लेता हूँ।

श्री उपाध्यक्ष ; प्र न है कि ;–

यह सदन महसूस करता है कि हरियाणा की तेजी से बढ़ती जनसंख्या न केवल जनसाधारण का जीवन स्तर राज्य की सामाजिक और आर्थिक स्थिरता के लिए भी एक गम्भीर खतरा है। इसलिए यह सदन परिवार क्लायण उपायों द्वारा जनसंख्या को सीमित रखने के लिए सरकार की नीति का समर्थन करता है। सदन यह भी प्रस्ताव करता है कि परिवार कल्याण कार्यक्रम को पूर्णतया ऐच्छिक आधार पर और एक व्यापक नीति, जिसमें ि ाक्षा, स्वास्थ्य, प्रसूति एवं बाल कल्याण, परिवार कल्याण तथा पोशाहार जैसे कार्यक्रम सम्मिलित है, के एक अभिन्न अंग के रूप में तीव्रता से कार्यान्वित किया जाए।

यह सदन यह भी महसूस करता है कि सरकार तथा सभी सामाजिक, धार्मिक तथा राजनैतिक संगठनों को परस्पर

सहयोग करके आम लोगों को अपने हित में, अपने बच्चों के हित में और राश्ट्र के हित में परिवार को सीमित रखने के लिए इस कार्यक्रम को स्वेच्छा से अपनाने की प्रेरणा देनी चाहिए।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

चौधरी संत कंवरः.....

श्री मांगे राम गुप्ताः डिप्टी स्पीकर साहब, बहिन जी की तरफ से जो प्रस्ताव आया वह बहुत जरूरी प्रस्ताव था। जब हाउस इस चीज को चाहता है कि यह प्रस्ताव सर्वसम्मति सेपास हो जाये और जब आप हमें इसमें भाामिल करना चाहते है तो आप हमें बोलने का तो मौका दीजिए।

श्री उपाध्यक्षः अब यह प्रस्ताव पास हो चुका है, आप मैडिकल की डिमांड पर बोल लेना।

वित मंत्री(श्री मूल चंद जैन): डिप्टी स्पीकर साहब मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि यह जो एजेंडा आज के कार्यक्रम में भाामिल किया गया है इस पर बिजनैस एडवाइजरी कमेटी ने विचार किया है। बिजनैस एडवाइजरी कमेटी में अपोजि ान के भाई भी थे और इधर के भाई भी भाामिल थे। कमेटी ने इस प्रस्ताव के लिए एक घंटा मुकरर्र किया था ओर कल जब कमेटी की रिपार्ट पढ़ी गई थी तो किसी ने भी एतराज नहीं किया था। अगर किसी को एतराज था तो वह कल एतराज कर सकता था। कल हाउस

ने कमेटी कीरिकमैंडे ान को सर्वसम्मति से पास किया था इसलिए अब इस पर ऐतराज करना मुनासिब नहीं है।

चौधरी संत कंवरः एमरजैंसी में भी लोगों को इसी तरीके से कह कर खराब किया गया था जैसे आप कह रहे है। ऐसा कहकर आप पार्टी को खराब कर रहे है। (ाोर)

श्री मूलचंद जैनः मैं अपने नौजवान साथी संत कंवर को कहना चाहता हूं कि वे पार्टी का ठेका अपने ऊपर न लें। (ाोर)

चौधरी संत कंवरः यह जरूरी नहीं कि इस पर कल ही एतराज होना चाहिए था। हम आज भी ऐतराज कर सकते है और कल भी कर सकते थे।.....(ाोर)

चौधरी रिजक रामः डिप्टी स्पीकर साहब, अगर मैम्बर साहब, अगर मैम्बर साहिबान इस प्रस्ताव पर बोलना चाहते है तो आप और टाईम दे दें और उसके बाद में डिमांडज को ले लेना।

श्री उपाध्यक्षः वह प्रस्ताव अब पास हो चुका है। जो मैम्बर साहिबान बोलना चाहें वे डिमांडज पर बोल सकते है। इसी विशय पर एक डिमांड आ रही है।

श्री मूल चंद जैनः डिप्टी स्पीकर साहब, मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि अगर माननीय सदस्य यह समझते है कि यहां पर बहस करने से फैमिलि प्लानिंग का काम पूरा हो जाएगा तो वे गलतफहमी में है। यह काम तो मेहनत से पूरा होगा।

चौधरी संत कंवरः यह काम पूरा तब होगा जब वजीर और एम0 एल0 एज0 पहले आप्रे ान करवाएंगे। वरना जैसे पहले बनारसी दास के टाईम गोलियां चली थीं वैसें ही गोलियां चलेगी।

श्री मांगे राम गुप्ताः डिप्टी स्पीकर साहब, हाउस में एक प्रस्ताव आया था और हमारी बात सुने बगैर आपने उसे पास कर दिया। तो जब हमें बोलने का मौका ही नहीं मिला तो हमारा पक्ष लेने के क्या जरूरत है (ाोर)

वर्श 1979–80 के बजट अनुदानों की मांगों पर चर्चा तथा मतदान

श्री उपाध्यक्षः गुप्ता जी, आप डिमांड पर बोल लेना। अब 1979–80 के बजट की ग्रांटस पर बहस और मतदान होगा। पहले प्रैक्टिस के मुताबिक तथा सदन का समय बचाने के लिये जितनी डिमांडज आर्डर पेपर पर रखी गई है वे सब डिमांडज एक साथ पढ़ी तथा मूव की गई समझी जाएंगी। माननीय सदस्य किसी भी डिमांडज पर डिस्क ान कर सकते है लेकिन डिमांड पर बोलने से पहले उस डिमांड का नम्बर बता दें जिस पर वे बोलना चाहते है। जिन कट मो ांज का नोटिस आया है वे भी एक साथ पढ़ी तथा मूव की गई समझी जाएगी। उसके बाद कट मो ांज पर और डिमांडज पर वोटिंग होगी।

That a sum not exceeding Rs. 33,19,21,550 be granted to the Governor to defray the charges that will come in

the course of payment for the year 1979-80 in respect of the charges under Demand No. 10-Medical and Public Health.

That a sum not exceeding Rs. 1,23,37,45,015 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1979-80 in respect of the charges under Demand No. 15-Irrigation.

That a sum not exceeding Rs. 30,66,14,960 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1979-80 in respect of the charges under Demand No. 1-Agriculture.

That a sum not exceeding Rs. 6,95,86,500 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1979-80 in respect of the charges under Demand No. 18-Animal Husbandry.

That a sum not exceeding Rs. 6,82,43,965 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1979-80 in respect of the charges under Demand No. 21-Community Development.

That a sum not exceeding Rs. 8,15,24,990 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1979-80 in respect of the charges under Demand No. 22-Co-operation.

Demand No. 15		
1	Shri Surrender Singh	That Demand No. 15 of Rs.

2	Shri Shamsher Singh	1,23,45,015/- on account of Irrigation be reduced by Re. 1/-
Demand No. 17		
3	Shri Shamsher Singh	That Demand No. 17 of Rs. 30,66,14,960/- on account of Agriculture be reduced by Re. 1/-
4	Shri Surrender Singh	
Demand No. 22		
5	Shri Surrender Singh	That Demand No. 22 of Rs. 8,15,24,990/- on account of Co-operation be reduced by Re. 1/-
6	Shri Shamsher Singh	

चौधरी संत कंवर(हसनगढ़): डिप्टी स्पीकर साहब, में डिमांड नं0 15 पर सब से पहले बोलना चाहता हूं। डिमांड नं0 15 के बजट में इरीगे ान के लिये जो प्रावधान किया गया है इसमें कोई दो राय नहीं है कि इतना रूपया पहले की सरकार ने इरीगे ान के लिये कभी नहीं रखा। यह बात वास्तव में सरकार की बड़ाई करने के काबिल है। लेकिन इसमें दो तीन बातें है जो

देखने वाली है। पहली बात यह है कि यह जो इरीगे ान डिपार्टमैंट को सारे का सारा रूपया दिया गया है यह रूपया ठीक तरह से खर्च होता है या नहीं? डिप्टी स्पीकर साहब, आज हालत यह है कि इरीगे ान डिपार्टमैंट में इतने गलत तरीके अपनाये जाते है और रूपये का मिसयूज इतना किया जा रहा है। कि भाायद ही किसी दूसरे डिपार्टमैंट में इतना मिसयूज किया जाता हो। यहां पर ठेकेदारों से परसैंटेज बंधी हुई है। यह आम बात है कि कम से कम दस प्रति ात कमि ान दिय बगैर कोई ठेकेदार अपना काम नहीं चला सकता। जब मैंने यह बात कही तो हमारे एक बड़े अफसर साहिबान इस मामले में एतराज कर रहे थे। हमने ऐस्टीमेटस कमेटी में भी कहा था कि आप आज ही हमारे साथ चलिए, वजीर साहब से भी कहा जो यहां बैठे हुए है आपको सीमेंट मिल सकता है। जबकि सीमेंट की हालत यह है कि न सीमेंट मिल से मिलता है और न डिपो से मिलता है। परन्तु जहां गवर्नमैंट का काम चल राह है वहां से आप को जितना चाहे सीमेंट मिल सकता है। जो रूप्ए इरीगे ान को जा रहे है वह नहीं हो सकता। मैं एक उदाहरण दे सकता हूं। हमारे सिंचाई मंत्री जी ने पिछले साल एक सवाल के जवाब में गांधरा पाकस्मा ड्रेंज के बारे में कहा था कि इनको जल्दी पूरा कर लिया जायेगा लेकिन वह पूरा नहीं हुआ। अब की बार भी सरकार ने एक सवाल के जवाब में कहा है कि जो काम बचा है 1980–81 मैं पूरा हो जायेगा। दूसरी मोटी बात हरियाणा को कसम दिलाने की बात है कि जो 50 करोड़ रूपये के करीब एस0वाई0एल0 पर खर्च किया गया है

वह बेकार हो जायेगा, अगर हरियाणा ने पूरे तरीके से लड़ाई करके जल्दी से जल्दी पंजाब से पानी न लिया। डिप्टी स्पीकर साहब, आज हालात यह है कि जितनी जगहों पर पहले लाइनिंग हुई थी वे टूट गई है, दरारें पड़ गई है, जब तक यह पानी नहीं चलेगा इस नहर पर लगा हुआ रूपया सारा खराब हो जायेगा, इसलिए सरकार जल्दी से जल्दी पानी लाने की कोि ा ा करे। हमारे यहां एक कहावत है कि दबाव के बिला बणी का मोर भी नहीं बोलता। जब तक हरियाणा सरकार पानी के लिये दवाब नहीं डालेगी तब तक पानी नहीं मिलेगा। चौधरी सुरेंद्र सिह और वीरेंद्र सिंह जीने भी कहा था कि पानी के बिना लोगों को नुक्सान हो रहा है। इसके लिए जो तरीका हमें नहीं अपनाना चाहिए, वह भी अपनाना चाहिए ताकि पानी मिल सके। अगर हम पानी के लिए नहीं कहते है तो हमें पानी पंजाब नहीं देगा। आप पंजाब का दिल्ली जाना रोक दीजिए। वह दिल्ली के बगैर नहीं रह सकता और हम पानी के बगैर नहीं रक सकते। हमें पानी चाहिए, पंजाब को रास्ता चाहिए, दिल्ली को और कोई रास्ता जाता नहीं। जब तक वे हमें पानी नहीं दे देते उनको इस रास्ते से न जाने दिया जाये। हम मानते है कि पंजाब भी हमारा भाई है, हमारा दोस्त है लेकिन अगर घर में दो भाई है, चाहे वे सगे एक ही मां बाप से हों उनकी जरूरत के अनुसार बराबर का बंटवारा किया जाताा है। इसमें भार्म की क्या बात है? हरियाणा का हक बनता है उसको मिलना चाहिए। पंजाब से हमें अपना हक दबा कर लेना चाहिए। अगर हम पंजाब को दूसरी स्टेटस मैं जाने के लिये हक देते है,

रास्ता देते है, तो उनको भी हमारा हक देना चाहिए। पंजाब का हक जो रास्ते पर बनता है वह बंद कर देना चाहिए। यह भविश्यवाणी तो नहीं है परन्तु भविश्यवाणी सिद्ध होगी कि अगर पंजाब को इस रास्ते से नहीं जाने दिया जायेगा तो वह हरियाणा को पानी दे देगा। डिप्टी स्पीकर साहब अगर पंजाब हरियाणा को पानी नहीं देता तो यह झगड़ा बहुत दूर तक जायेगा। इस झगड़ें में अगर सरकार नहीं जायेगी तो गांवों के लोग, जो टैक्स देते है जिनके खेतों को नहरी पानी मिलना चाहिए वे पानी के लिए बिलखने लगेंगे वे इस झगड़े में जायेंगे क्योंकि उनको पानी की जरूरत है। सरकार को चाहिए कि इस मामले को जल्दी से जल्दी प्रांतीय स्तर तक उठायें। अब मैं इरीगे ान के अफसरों के बारे में कहना चाहता हूं। इरीगे ान के अफसरों में करप् ान बहुत बढ़ गई है वे दस प्रति ात लेते है लेकिन यह बात नहीं है कि सभी करप्ट है। किसी–किसी डिपार्टमैंट में ऐसे भी अफसर होते है जो ईमानदार होते है। वे अपनी जेब से भी घर से भी पैसा खर्च कर देते है, नाजायज पैसा नहीं कमाते। लेकिन जब ज्यादातर करप्ट आफिसर हों तो उनको देखते हुए यह हो जाता है कि सभी अफसर करप्ट कहलाते है। एक्स0ई0एन0 का 1947 के अंदर 1275 रूपए का ग्रेड था, अब 1978 में दो प्रति ात बढ़ाकर 1300 रूपए हुआ है, यह 25 साल में हुआ है। इसके साथ एस0डी0ओ0 (सिविल) का पहले 850 रूपये का ग्रेड था जो अब 1300 रूपए कर दिया गया है उनका ग्रेड 53 प्रति ात बढ़ाया गया है 25 साल में 1300 रूपए। इसी तरह चीफ सैकेटरी का 2250 रूपये से बढ़ाकर

3500 रूपए 55 प्रति ात बढ़ा दिया है, कमि ानर का 2000 रूपए से 2750 रूपए 37 प्रति ात बढ़ा दिया गया है, आई0जी0 का 22 प्रति ात, डायरैक्टर हैल्थ सर्विसिज का 42 प्रति ात, एस0ई0 का 14 प्रति ात, डी0आई0जी0 का 36 प्रति ात, डी0 सी0 का 25 प्रति ात बढ़ा दिया गया है। लेकिन किसी एम0एल0ए0 का नहीं बढ़ाया है। दूसरे डिपार्टमैंट में भी ग्रेड बढ़ाये गये है। फिर एक्स0ई0एन0 को ही क्यों अलग रखा गया है? इनका भी इसी रे ाों से ग्रेड बढ़ाना चाहिए था, एक ही डिपार्टमैंट में इतना फर्क क्यों रखा गया है? उनको भी इतनी सहूलियतें देनी चाहिएं। उनको दूसरे लोगों के बराबर रखा जाये। डिप्टी कमी ानर और एस0डी0ओ0 को हजारों लोगों की ए0सी0आर0 लिखने का हक मिल जाता है। एक एसी0डी0ओ0 जो ट्रेनिंग लेकर आता है एक साल के बाद ही लाखों लोगों के ऊपर मालिक की तरह हो जाता है। डिप्टी कमी ानर जो कालेज के बाद आई0ए0एस0 बन जाता है वह मालिक बन जाता है, वह बड़ा अफसर हो जाता है। उसे तमाम फायदे मिलते है। वह मामूली बी0ए0 पास होता है और पूरे जिले का मालिक बन जाता है। कोई उसे सलाह दे चाहे वह पब्लिक का आदमी हो या कोई एम0एल0 हो, वह किसी की सलाह मानने को तैयार नहीं है। सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

श्री उपाध्यक्षः आप अपनी बात को छोटा करें।

चौधरी संत कंवरः डिप्टी स्पीकर साहब, मैं कह रहा था कि सभी अफसरों की बराबर बढ़ौतरी होनी चाहिए। डिप्टी स्पीकर

साहब, मैं यह कहना चाहता हूं कि जो ऐक्सीयन है उनकी भी एस0डी0ओ0 (सिविल) के बराबर बढ़ौतरी होनी चाहिए। इसी तरीके से मैं डिमांड नम्बर 17 जोकि एग्रीक्लचर के लिये है उसके बारे में कहना चाहता हूं। एग्रीक्लचर के लिए जो रूपया खर्च होता है उस रूपए का गलत तरीके से मिसयूज होता है। किसानों को खेती के लिए जिस चीज की जरूरत पड़ती है उनके लिये वहीं चीज मंहगी होती है। डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आपकी जानकारी के लिये कहना चाहता हूं कि एक आदमी ने अम्बाला के पास एग्रो टाईप का कारखाना लगाया है जिसकाएक मंत्री उद्घाटन करके आए थे। मैं वित मंत्री जी के नोटिस में लाना चाहता हूं कि उस आदमी पर पंजाब और यू0पी0 में कोई मुकदमा चल रहा है। वह आदमी हरियाणा एग्रों इंडस्ट्रिज कारपोरे ान की खाद का सप्लायर होता था। पिछले दिनों एग्रों इंडस्ट्रिज कारपोरे ान ने उसकी सिक्योरिटी जब्त की है क्योंकि उस आदमी पर मिट्टी और राख मिला कर गलत किस्म का खाद बेचने का आरोप है। जब उस आदमी पर यह आरोप है तो पता नहीं सरकार ने किस तरीके से उसको कारखाने लगाने की मंजूरी दे दी। डिप्टी स्पीकर साहब, उस आदमी ने एग्रों इंडस्ट्रिज से मिलते जुलते नाम का कारखाना बनाने की स्कीम बनाई है। यह कारखाना अभी तक लगाया नहीं है बल्कि सरकार उसकी नींव रख रही है। हरियाणा सरकार ने उस आदमी को दस हजार टन खाद अलाट कर दिया था। डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आपके जरिए वित मंत्री जी के नोटिस में लाना चाहता हूं कि वह सारा खाद गलत तरीके से

पंजाब के अंदर ब्लैक में बेचा गया। डिप्टी स्पीकर साहब, यह हमारी सरकार इस किस्म के काम करती है तो क्या यह अफसोस करने के लायक नहीं है।

श्री उपाध्यक्षः अब आप वांइड अप कीजिए।

चौधरी संत कंवरः डिप्टी स्पीकर साहब, पिछले दिनों ओले पड़े और बाढ़ आई उसके के लिए जनता पार्टी की सरकार ने किसानों को तीन सौ रूपये प्रति एकड़ मुआवजा दिया है। मैं इस बात के लिए सरकार का धन्यवाद करना चाहता हूं। यह बहुत ही सराहनीय कदम है इसमें कोई दो राय नहीं पिछली सरकार ने कभी भी ऐसा काम नहीं किया था। इतना ज्यादा मुआवजा देने की बात किसी भी सरकार के लिए एक रास्ता बनेगी चाहे वह कोई भी सरकार क्यों न हो। इसके साथ साथ ही मैं यह कहना चाहता हूं कि जिन गांवों में ओले पड़े है उन गांवों के रोजगार भी मारे गये है। उन गांवों के हरिजन जो फसल की कटाई करके थोड़ा बहुत अनाज इक्ट्ठा कर लिया करते थे वह उससे वंचित रह गए है इसलिए जिन गांवों में फसल कटाई के लिए नहीं रही है तो मेरी सरकार से प्रार्थना है कि उन गांवों के हरिजनों को राहत मिल सके। इन भाब्दों के साथ मे। आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया।

श्री सुमेर चंद भट्ट(नग्गल): डिप्टी स्पीकर साहब मैं आपके जरिए यह कहना चाहता हूं कि जो मांगे हाउस के सामने

है उनका कुल अमाउंट 209 करोड़ 16 लाख 36 हजार 980 रूपए बनता है और तादाद में यह 6 मांगे है। 11.30 बजे इन मांगों पर बहस भुरू हुई है और एक बजे हाउस का समय समाप्त हो जाएगा और इससे पहले हमारे वित मंत्री जी बहस का जवाब भी देंगे। मेरा कहना यह है कि ऐसा टाईम फिक्स करें जिससे मैम्बरों को बोलने का टाईम पूरा मिले। अगर मंत्री जी के लिए टाईम छोड़ भी दिया जाए तो कुल 90 मिनट इस पर बोलने के लिये रखे है। हाउस में 90 मैम्बर है तो एक मैम्बर को बोलने के लिए मु कल से एक मिनट मिलता है

श्री उपाध्यक्षः आप डिमांड पर बोलिए।

श्री सुमेर चंद भट्टः डिप्टी स्पीकर साहब, मैं डिमांड पर बोलने के लिए नहीं खड़ा हुआ। मेरी तो अर्ज यह है कि एक मैम्बर को एक मिनट में 6 मांगो पर बोलना है तो इसका मतलब यह हुआ कि एक मैम्बर सिर्फ दस सैकिंड एक मांग के बारे में बोल सकता है। यदि 209 करोड़ रूपए की मांगें हो और एक मैम्बर को 6 मांगों पर बोलने के लिए एक मिनट दिया जाए तो यह कामकाज करने का क्या तरीका है? डिप्टी स्पीकर साहब इस हाउस को फाइनैंस करने के लिए और इसका कामकाज चलाने के लिये हरियाणा की जनता 36 से 40 लाख रूपये साल में खर्च करती है। वह इसलिये करती है कि बजट मैम्बर्ज के सामने आए और मैम्बर्ज उसके लिए अपनी राय दे सकें और उनकी राय के मुताबिक उसमें कुछ तरमीम की जा सके लेकिन बड़े अफसोस की

बात है कि हमने कुछ ऐसा मार्ग अपना लिया है जिसकी वजह से सदस्य पूरी तरह से अपने विचार प्रकट नहीं कर सकते।

वित मंत्री(श्री मूल चंद जैन): डिप्टी स्पीकर साहब, बिजनैस एडवाइजरी कमेटी ने इन सारे मामलों पर विचार करके टाईम टेबल मुकर्रर किया था कि चार दिन बजट पर चाहे कोई सदस्य किसी भी विशय पर बोलें और तीन दिन डिमांडज के लिये मुकरर्र किए। आज भी डिमांड पर बोल रहे है और 26 तथा 27 को भी कुछ डिमांडज होगी। उस बिजनैस एडवाईजरी कमेटी की रिपोर्ट को सारे हाउस ने सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया है जो कोई भी सदस्य खड़ा होकर बिजनैस एडवाइजरी कमेटी कर रिपोर्ट के विरूद्ध कोई बात कहे तो यह मुनासिब नहीं है। बिजनैस एडवाईजरी कमेटी की रिपौर्ट को ध्यान में न रखना इसके लिए मैं तो आपकी रूलिंग यह चाहता हूं कि किसी भी मैम्बर को इस किस्म की बातों का मौंका न दिया जाए।

श्री सुमेर चंद भट्टः डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा कहना यह है कि कुछ अर्से से ऐसा दिखाई दे रहा है कि ज्यों ही बिजनैंस एडवाइजरी कमेटी की रिपोर्ट आती है स्पीकर साहब उसको पढ़ देते है और मैम्बर तक उसकी कापी पहुचं भी नहीं पाती और वह मंजूर भी कर ली जाती है। मैम्बर को बोलने का मौका नहीं मिलता कि उस रिपोर्ट में है क्या। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि इस कार्य पद्धति को बदला जाये।

डा0 बृजमोहन गुप्ता(जगाधरी): डिप्टी स्पीकर साहब, मैं डिमांड नम्बर 10 के बारे में कहना चाहता हूं। आज सुबह भी एक ऐसा विशय आया था जोकि मैडिकल डिपार्टमैंट के बारे में था। मैंने उस पर भी बोलने का टाईम मांगा लेकिन नहीं मिला। मैं ज्यादा न कहते हुए सिर्फ दो तीन बातें कहूंगा। सबसे पहली बात तो यह है कि जो फैमिली वैलफैयर का प्रोग्राम है इसको इम्पलीमैंट करने की जिम्मेवारी मैडिकल डिपार्टमैंट की है। आबादी बढ़ाने का प्रोग्राम भी मैडीकल डिपार्टमैंट ने ही किया है क्योंकि पहले बच्चे छोटी उम्र में दवाई न होने के कारण से, मैडिकल सुविधाएं न मिलने के कारण मर जाते थे इसलिए आबादी थोड़ी रह जाती थी। लेकिन अब मैडिकल फैसीलिटीज बहुत आसानी से अवेलेबल है इसलिए मोरटेलिटी जो रेट है वह बहुत घट गया है, इसलिए आबादी भी बढ़ गई और इस तरह से आबादी बढ़ने की सारी जिम्मेवारी मैडिकल प्रोफै ान के जिम्में पड़ गई। अब जो आबादी बढ़ गई है उसकी रोकथाम भी करना जरूरी है और यह मैडीकल प्रोफे ान का काम है कि बढ़ती हुई आबादी पर कंट्रोल करे। सारे सदस्य डरे हुए से बोल रहे थे कि भाायद इसमें आप्रे ान का ही प्रोग्राम हैं। मैं यह बताना चाहता हूं कि यह जो आप्रे ान करने का प्रोग्राम है, **(12.00 बजे)** इससे लोग डरते है। आज से पहले लोगों के आपरे ान जोर–जबरदस्ती से किए गए थे। मेरी प्रार्थना है कि जबरदस्ती आप्रे ान करके मैडीकल प्रोफै ान को बदनाम न किया जाए, वालेंटेरीली अगर कोई करवाता है तो बहुत अच्छी बात है। मुझे

याद है, एमरजैंसी के दिनों में, एस0एम0ओ0 जो क्लास बन आफिसर होता है, इसके पास भी पावर नहीं होती थी कि वह अपनी मर्जी से किसी आप्रे ान केस को रिजैक्ट करे। ए0एम0ओ0 या छोटे डाक्टर्ज का तो कहना ही क्या, ये तो रिजैक्ट कर ही नहीं सकते थे, एस0एम0ओ0 जो क्लास वन होता है उसके बस से भी बाहर की बात थी। चाहे कोई व्यक्ति आप्रे ान के काबिल है या नहीं, इनको उसका आप्रे ान करना ही पड़ता था, ऐसे आर्डर्ज थे। चाहे 80 साल का बूढ़ा हो, चाहे 15 साल का कंवारा हो, डाक्टर की अपनी डिसक्री ान नहीं थी कि वह आप्रे ान करने से उसको छोड़ दे। अगर कहीं छोड़ देता था तो उसको कहा जाता था कि क्या आपने मीसा देखा है? मुझे अच्छी तरह से याद है एस0एम0ओ0 ने ए0एम0ओ0 को यह पावर दे दी थी कि वह किसी व्यक्ति को आप्रे ान करने से छोड़ सकता है लेकिन वह ऐसी पट्टी पढ़ाता था ऐसी कहानी गढ़ता था कि आप्रे ान कर देता था। डिप्टी स्पीकर साहब, 80 साल के बूढ़ें और 15 साल के बच्चे का आपरे ान करने का क्या मतलब है? डा0 अपने आप तो इनके आप्रे ान नहीं करना चाहते थे। लेकिन ऊपर के दबाव से उनको करने पड़ते थे। डाक्टर खुद क्यों आप्रे ान करेगा वह सारी उम्र की बदुआ अपने सिर क्यों लेगा? मेरा कहने का मतलब यह है कि सरकार फैमिलि प्लानिंग का प्रचार कर रही है। फैमिली प्लानिंग के लिए आप्रे ान ही एक बढ़िया तरीका है, ऐसी बात नहीं है आप्रे ान तो आखिरी चीज है। इससे पहले और कई तरीके इस्तेमाल किए जा सकते है। जिन को सारी दुनियां के

लोग इस्तेमाल कर रहे है। सिर्फ आपरे ान से ही फैमिली प्लानिंग हो सकती है, ऐसी बात नहीं है। स्त्रियों के लिये अलग तरीके हैं, पुरूशों के लिए अलग है और ये ऐसे तरीके है जिन से घरेलू लाईफ में, सैक्सुअल लाईफ में बाधा नहीं पड़ती। माननीय सदस्यों को समझना चाहिए कि फैमिली प्लानिंग का मतलब आप्रे ान ही नहीं है, यह उनके मन में संदेह है। अब मैं अपने असली प्वायंट पर आता हूं।

श्री अध्यक्षः आपका समय तो हो गया है।

डा0 बृज मोहन गुप्ताः बजट पर बोलते हुए सारे सदस्यों ने यह बात कही कि हस्पतालों में दवाइयों की कमी हैं कहीं कहीं पर डाक्टरों की कमी है। मैं मानता हूं कि सब जगह डाक्टरों की कमी है लेकिन इसका कारण क्या है। मैडीकल प्रोफै ान में डाक्टरों की कमी क्यों है? इसका कारण मैं बताना जरूरी समझता हूं। अगर मेरे माननीय मंत्री इन कारणों को समझने की कोि ा ा करेंगे तो डाक्टर्ज की, लेडी–डाक्टर्ज की ओर स्पै ालिस्ट्स की कमी पूरी हो सकती है। डाक्टर्ज सर्विस छोड़ कर फौरन में नहीं जाएंगे, जितनी जरूरत है यहीं पर मिलते जायेंगे। सबसे पहले आप देखें डाक्टर्ज की क्वालीफिके ान कितनी कठिन है। मैं समझता हूं कि सब से कठिन एजुके ान है तो डाक्टर की ऐजुके ान है। सबसे मु कल मैडीकल प्रोफै ान है। इनका कम्पैरिजन किसी आई0ए0एस0 आफिसर के साथ नहीं हो सकता क्योंकि जितनी मेहनत एक डाक्टर बनने के लिये करनी

पड़ती है उससे कम आई0ए0एस0 आफिसर बनने के लिये करते है। डा0 की बड़ी मु कल ऐजुके ान है। अब एक डाक्टर की डयूटी और ग्रेड देखिए। मुझे याद है, बीस साल पहले एक डाक्टर का ग्रेड 150 रूपये (नॉन–गजेटिड) होता था। जब हरियाणा बना और डाक्टर नहीं मिलते थे तो इन का ग्रेड 200 रूपये कर दिया। ए0एम0ओ0 जिसका ग्रेड 400 रूपये का है, क्लास टू है लेकिन इसके मुकाबले में एच0सी0एस0 क्लास टू (एग्जेक्टिव और जुडि ायरी) का ग्रेड 700 का है। अब आप डाक्टर्ज की डयूटी को देखिए। सबसे पहली बात यह है कि डाक्टर की इंडिविज्वल लाईफ नहीं है। सुबह से अपने काम मे जुट जाता है, रात तक लगा रहता है। उसको लैटरिन जाने की फुर्सत नहीं होती। लैटरिन में बैठे हुए को काल आ जाये तो जाना पड़ता है। वहीं बैठे बैठे काल अटैंड करनी पड़ती है। नारनौल में ऐसा किस्सा हुआ है। अब आप देखें लैटरिन में बैठकर भी डाक्टर अपने काम में व्यस्त रहता है।

श्री उपाध्यक्षः आपका समय खत्म हो गया है। आप वाइंड–अप करने की कोि ा ा करें।

डा0 बृज मोहन गुप्ताः एक मिनट में खत्म करता हूं। डाक्टर ब्रेक–फास्ट चैन से नहीं कर सकता। मेरा कहने का मतलब यह है कि डाक्टर की इतनी सख्त ड्यूटी होने के बाजवजूद भी, इनके ग्रेड बहुत कम है। इनकी इंडिविज्वल लाईफ नहीं है, फैमिली लाईफ नहीं है, कोई सो ाल लाईफ नहीं है,

इसके बावजूद भी इनके ग्रेड कम है। सर्विस भी इनको ज्यादा करनी पड़ती है। मैं मंत्री महोदय से प्रार्थना करना चाहता हूं कि इनके ग्रेड बढ़ा कर पूरी फैसिलिटीज देने की कोि ा ा करें ताकि हरियाणा में रहने वाले मैडीकल प्रोफै ान के लोगों को, हरियाणा छोड़ कर फौरन न जाना पड़े और यहीं पर अपने दे ावासियों की सेवा करें।

श्री जगन नाथ(बवानी खेड़ा, अनुसूचित जाति): डिप्टी स्पीकर साहब, मैं डिमांड सं0 15 पर अपने विचार रखना चाहता हूं। इस डिमांड में 1,23,37,45,015 रूपए की मांग की गई है। डिप्टी स्पीकर साहब, यह मांग ऐसी है जिसमें और पैसा बढ़ा दिया जाए क्योंकि दे ा में सिंचाई की बहुत ज्यादा जरूरत है। सिंचाई के क्षेत्र मैं जितना पैसा लगे उतना ही कम है। यह पैसा किसी एक जिले को पानी देने के लिये नहीं है, किसी एक वर्ग के लिए नहीं हेाता बल्कि सारी स्टेट के लोगों की भलाई के लिए होता है। लेकिन मैंने देखा है कि पानी का बंटवारा ठीक तरह से नहीं किया जाता। कुरूक्षेत्र, जींद, सोनीपत और करनाल में सौ परसैंट जमीन को पानी लगता है, एक इंच जमीन पानी के बिना खाली नहीं है। इसके दूसरी तरफ जिला गुड़गांव का कुछ एरिया, राव बीरेंद्र सिंह का महेंद्रगढ़ डिस्ट्रिक्ट, हिसार और सिरसा का कुछ एरिया में पानी बिल्कुल नहीं लगता। मेरे हलकें में अगर पांच परसैंट पानी लग जाये तो पूरा आबियाना देना पड़ता है। मैं मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहता हूं कि पानी का बंटवारा सहीं ढंग

से किया जाना चाहिए। इसके बाद एक सीरियस बात कहना चाहता हूं, यह बात पिछले दिनों हाउस में उठाई थी। कुरूक्षेत्र जिले के अंदर अगर एक फसल को दस पानी लग जाता है और इसके मुकाबले में महेंद्रगढ़ जिले में, भिवानी जिले में एक फसल को एक पानी लगे तो दोनों को बराबर मालिया देना पड़ता है यानी एक पानी वाले को भी उतना ही मालिया देना पड़ता है जितना दस पानी वाले को देना पड़ता है। ऐसा नहीं होना चाहिए। खेत को पानी छू भर जाएं, मालिया पूरा वसूल किया जाता है। इसके अतिरिक्त अगर एक फसल को एक बार पानी लग जाए तो मालिया देना पड़ता है। वह फसल पकने के बाद किसान फसल काट लेता है और इसके बाद अगर बारि ा हो जाए तो उस में किसान दूसरी फसल बो देता है लेकिन उसको दोबारा मालिया देना पड़ता हैं। दोबरा फसल बोने पर उसको डबल मालिया आयेगा। पहली फसल पर जब एक पानी लगा था उसका भी आयेगा और बारि ा पड़ने पर जो फसल बोई है, उसका भी आयेगा।

श्री उपाध्यक्षः आपका समय हो गया है।

श्री जगन नाथः मैं अर्ज करना चाहता हूं कि ऐसे केसिज में दोबारा मालिया नहीं आना चाहिए, जितना पानी लगा है उतना ही मालिया आना चाहिए। कितने अफसोस की बात है कि पानी जरा छू भर भी जाए, किसान को मालिया देना पड़ता है, ऐसा नहीं होना चाहिए। इसके इलावा डिप्टी स्पीकर साहब,

इरीगे ान विीाग के जो एस0डी0ओ0 एक्सीयन वगैरह की ए0सी0आर0 डिप्टी कमी ानर लिखता है जबकि इस महकमें के उच्चाधिकारियों द्वारा लिखी जानी चाहिए, एस0ई0 को लिखना चाहिए, यह जो अग्रेंजों के जमाने से चला आ रहा पुराना समाजवादी ढांचा है इसको बदला जाना चाहिए और इनकी ए0सी आर0एस0ई0 जैसे उच्च अधिकारियों द्वारा लिखी जानी चाहिए और इनके ग्रेड भी रिवाईज होने चाहिएं।

डिप्टी स्पीकर साहब, पब्लिक हैल्थ के बारे में भी मैं एक बात अर्ज करना चाहता हूं क्योंकि मंत्री महोदय बैठे है। जितनी भी पुरानी स्कीमें है उनमें आबादी बढ़ गई है। इनके बारे में भी जल्दी से जल्दी इंतजाम होना चाहिए। हमें यह नहीं देखना चाहिए कि हर हल्के में एक ही स्कीम देनी है। देखना यह है कि जहां खारा पानी है, जहां पीने का पानी नहीं है वहां पर टौप प्रायरिटी पर स्कीमें बननी चाहिए। धन्यवाद।

चौधरी लाल सिंह(नारायणगढ़): डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आपका धन्यवाद डिमांड नं0 21 की तरफ से लाना चाहता हूं। ऐसा है कि जातियां तो बहुत सी है बैकवर्ड करार दे दी गई है लेकिन हरियाणा में यह बैकवर्ड नहीं है। इसी तरह से कुछ दूसरी जातियां भी है जैसे रोड़ और अहीर जाति। ये जातियां जब दूसरे राज्यों में बैकवर्ड करार दी गई है तो यहां भी ये बैकवर्ड डिकलेयर होनी चाहिए ताकि ये लोग भी दूसरी जातियों के बराबर आ सकें।

डिप्टी स्पीकर साहब, मांग नं0 10 के बारे में भी मैं थोड़ा सा अर्ज करना चाहता हूं। पीने के पानी का यहां पर बहुत बड़ा भाोर हुआ। यहां कहा गया कि सरदार लछमन सिंह ने यह कर दिया और वह कर दिया लेकिन सच्ची बात यह है कि आज भी कालका और नारायणगढ़ के लोग हिमाचल के नालों में पानी भरने जाते है। आप यकीन करें कि जिस तरह हल चला कर बैलों के कंधे सूज जाते है उसी तरह से पानी ला ला कर हमारे यहां औरतों के कंधे सूज जाते है। यही नहीं गर्मियों के दिनों में तो लोग अपने घर बार छोड़ करके हिमाचल या हरिद्वार की तरफ चले जाते है। वहां अगर पानी ज्यादा भी दे दिया जाए तो कोई पाप नहीं। यह जरूरी नहीं कि हरेक एम0एल0ए0 के हल्के में बराबर ही पैसा खर्च होना चाहिए चाहे वहां किसी चीज की जरूरत हो या न हो। जहां जरूरत हो वहां ज्यादा पैसा खर्च होना चाहिए।

इसके साथ ही साथ डिप्टी स्पीकर साहब मैं हस्पतालों के मुताल्लिक भी थोड़ा सा निवेदन करना चाहूंगा। भिवानी और दूसरी जगहों पर इस सरकार ने बड़े बड़े हस्पताल खोल दिए। मेरा इलाका नदियों से घिरा हुआ इलाका है। वे लोग दवाइयों के बगैर कुतों की मौत मर जाते है। उनको हस्पताल का पता ही नहीं कि कैसा होता है। अम्बाला में भी अंग्रेजों के जमाने का हस्पताल है। इसलिए इस पिछड़ै हुए इलाके की तरफ सरकार को पहले ध्यान देना चाहिए। मैं सरकार से आपके द्वारा प्रार्थना

करूंगा कि एक तो अम्बाला के हस्पताल को ऐसाहस्पताल बनाया जाए जैसा हस्पताल बाकी जिलों में है। दूसरे नारायणगढ़ और कालका तहसील के गांव में भी कम से कम 25 बैड के हस्पताल होने चाहिए। डिप्टी स्पीकर साहब, यह जो भार्त लगाई गई है कि इतनी आबादी होगी तो हस्पताल बनेगा, इससे तो लोग आबादी बढ़ाने में जुट जाएंगे और बाद में फिर सरकार को फैमिली प्लानिंग के बारे में सोचना पड़ेगा। इसलिये मेरी प्रार्थना है कि हस्पताल खोलने के लिए आबादी का हिसाब नहीं रखना चाहिए।

अब डिप्टी स्पीकर साहब, मैं खेती बाड़ी के संबंध में थोड़ा सा कहना चाहूंगा। इसके बारे में बहुत से भाई बोले लेकिन आज तक किसी ने नहीं कहा कि जमींदारों को पानी और बिजली महंगी मिलती है। जमींदार जो मीटर लगाते है वे भी उन्हें अपने मोल लेकर के लगाने पड़ते है। सरकार कोई मीटर नहीं देती। जो व्यक्ति मीटर खरीद नहीं सकता वह कनैक ान नहीं ले सकता। इसी तरह से खाद की बात आप ले लीजिए। गरीब आदमी अपने खेत में खाद भी नहीं डाल सकता। सरकार को इसे भी सस्ता करना चाहिएं।

डिमांड नं0 22 के बारे में डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा यह निवेदन है कि हमारी यह बड़ी खु ाकिस्मती है कि चौधरी भजन लाल जी इस महकमें का बड़ा सुधार किया है। चौधरी बीरेंद्र सिंह जी ने भी कुछ सुधार किया था लेकिन उनके पास यह महकमा थोड़े ही दिन रहा। अब हमें इतना सुख हो गया है कि

पहले जो हरिजन लोगों को पैसा खाता तो कोई था और पकड़ा कोई और जाता था वह बात नहीं होती। (विघ्न) लेकिन फिर भी अभी इसमें काफी कुछ करने की गुंजाइ ा है। डाक्टर साहब के हल्के में छप्पर थाने में एक आदमी के विरूद्ध केस दर्ज है। उसने लोगों के लाखों रूपये खा लिए है लेकिन उसक अभी तक कुछ नहीं बिगड़ा। इसी तरह से आज भी हर गांव में लोग इस तकलीफ की वजह से तड़फ रहे है। उनकी तरफ भी सरकार को ध्यान देना चाहिए। (विघ्न) जितना कुछ किया गया है उसके लिए तो मैं हाउस के सामने चौधरी भजन लाल जी को मुबारिकबाद देता हूं लेकिन जो काम बाकी रह गया है उसके लिए उनसे प्रार्थना करता हूं कि उस काम को भी ये जल्दी से जल्दी पूरा कर दें।

क ार और मिलों की बाबत भी मैं कुछेक बातें अर्ज करना चाहूंगा। मिलों के अंदर जो घपले थे उनमें भी चौधरी साहब ने काफी सुधार किया है लेकिन अभी बहुत सा सुधार करना बाकी है। डिप्टी स्पीकर साहब, मेरे जिले में ये जो मिनी बैंक मैनेजर बनाए गए इनमें ऐसा हुआ कि जब एक बिरादरी के आदमी जिलें में नहीं मिले तो दूसरी स्टेट से लाकर लगा दिए गए। वे ऐम्पलायमैंट ऐक्सचेज से भी नहीं आए बल्कि डायरैक्ट रखे हुए है और रि तेदार रखे हुए है।

डिप्टी स्पीकर साहब, ये कांग्रेसी भाई हरिजनों की दुहाई तो बहुत देते है लेकिन हरिजनों के नाम से पता नहीं कितने पैसें खा गए। अगूंठे तो हरिजनों के लगवाए गए लेकिन

पैसा कोई और खा गया। (विघ्न) अगूंठे जब फिल्लौर से टैस्ट करवाए गए तो वे सही निकले। इसलिये मैं आपकी मारफत अपने पापलर मिनिस्टर चौधरी भजन लाल जी से प्रार्थना करता हूं कि आप सोसाइटियों के ऊपर छापे मारो। इनसे मैं यह इसलिये कह रहा हूं क्योंकि ये ईमानदार आदमी है। डिप्टी स्पीकर साहब, अम्बाला का बैंक भ्रुरू से लेकर आज तक एक ही खानदान के हाथ रहा। आज आप देखें कि उसकी कितनी बुरी हालत है।

श्री उपाध्यक्षः अब आप बैठिए क्योंकि आपका टाईम हो गया है।

चौधरी लाल सिंहः आखिर मैं मैं आपसे यही कहना चाहूंगा कि हस्पताल और पीने का पानी वहां दिया जाए जहां इसकी जरूरत हैं। धन्यवाद।

श्री भाम ोर सिंह(नरवाना): उपाध्यक्ष महोदय, मैं डिमांड नं0 10, 15, 21 और 22 के बारे में संक्षिप्त रूप से कुछ कहना चाहूंगा। डिमांड नं0 22 कोआप्रेटिव डिपार्टमैंट के बारे में है। उपाध्यक्ष महोदय, अभी अभी सारे हरियाणा में मिनी बैंकस की जो मैनेजिंग कमेटीज है उनके चुनाव होने हे। इसके बारे में मैंने चौधरी भजन लाल जी से कल बात की थीं मैं उनका बहुत धन्यवादी हूं क्योंकि उन्होंने इस बात का आ वासन दिया है कि इन कमेटिज के जो सरकारी मैम्बर्ज है वे चुनाव में भाग नहीं लेंगे। इन्होंने इसके बारे में इंस्ट्रक ांज भी जारी कर दी है।

उपाध्यक्ष महोदय, ये जो डिपार्टमैंटस इंस्ट्रैक ांज जारी की गई है, ये काफी नहीं है। इनका दुरूपयोग हो सकता है, वायले ान हो सकती है। मैं चाहूंगा कि कोआप्रे ान मिनिस्टर रूल्ज में तरमीम करें। अगर तरमीम न करें तो इस बात का आ वासन दें कि जो मिनी बैंकों की कमेटी के चुनाव हो रहे है उनमें सात के करीब मैम्बर चुने जाने है और इन में तीन–चार सरकारी कर्मचारी भी मैम्बर है। वैसे कायदे के मुताबि मैनेजिंग कमेटी के पूरे मैम्बर है। इसलिए मैं आपकीमारफत सरकार को कहना चाहता हूं कि अगर कोआपरेटिव डिपार्टमैंट इस चुनाव में भाग लेगा तो इन तीन चार की गिनती सात के मुकाबले में इतनी है कि यह चुनाव सारा धोखा होगा। इसलिए प्रजातंत्र प्रणाली को ठीक रखना है तो हिस्सेदार लोग ठीक नुमाइंदे का चुने लेकिन सरकारी कर्मचारी जो कमेटी के मैम्बर है उनको चुनाव में भाग लेने की इजाजत न दी जाये। यदि इसके कानून में तरमीम करना जरूरी हो वे वह भी की जाये।

उपाध्यक्ष माहदेय कोआप्रे ान डिपार्टमैंट के साथ और भी बहुत से अदायरे है जिनके अभी तक चुनाव नहीं हुए है जैसे हैफेंड, लैंड मार्गेज बैंक, कोआप्रेटिव बैंक आदि है इन सब के जल्दी से जल्दी चुनाव कराये जाने चाहिए।

जनता पार्टी ने चुनाव कसे समय बहुत लम्बें चौड़े वायदे किये थे लेकिन पिछले दो सालों से इन अदायरों के चुनाव नहीं हुए। उन्होंने अपने आदमी लगाये हुए है। कहीं पर सरकारी

कर्मचारी ओर कहीं पर पब्लिक का आदमी एडमिनिस्ट्रेटर या चेयरमैंन लगा रखा है। तफसील में जाने का समय नहीं है। इस बारे में इतना ही सुझाव दूंगा कि वक्त को जाया किये बिना चुनाव करायें जायें।

भूगर मिल पर करोड़ों रूपया केन ग्रोवर का लगा हुआ है। लाखों किसानों के जीवन का मामला है। किसानेां ने यह देखना है कि किस तरह इस रूपए का उपयोग हो रहा है क्या कुछ किसानों को देना है लेकिन सरकार ने वाहं पर सरकारी अफसरों को यादूसरे लोगों को एडमिनिस्ट्रेटर के तौरपर बैठा रखा है। इसलिए इनके भी जल्द से जल्द चुनाव कराये जाने चाहिएं।

उपाध्यक्ष महोदय, डिमांड नम्बर 21 कम्युनिटी डिवैल्पमैंट के बारे में है। यह बड़ा महत्वपूर्ण विभाग है। इसका भी देहात के लोगों से बड़ा गहरा संबंध है जनता सरकार ने इस बात का वचन दिया था कि वह प्रजातंत्र को बहाल करेगी। अभी पिछले दिनों पंचायतों के चुनाव करवाये गये लेकिन जिला परिशदों और पंचायत समितियों के चुनाव आज तक नहीं हुए। इस बारे में बड़ी भारी कोताही हुई है, जिसका नतीजा यह हुआ कि पंचायत पूरीतरह कार्य नहीं कर रही है। जब से चुनाव हुए हैं सियासी मोटिव से बे ुमार पंचों और सरपंचों को मुअतल किया गया है और उनके खिलाफ कार्यवाही की गई है। हजारों और सैंकड़ों की तादाद में सस्पैंड किये जा रहे है। उसका कारण यह

है कि जनता पार्टी के एम0एल0ए0 उनके खिलाफ है क्योंकि उनके आदमी नहीं आये।

उपाध्यक्ष महोदय, अब मैं पंचायत डायरैक्टर आफिस के बारे में भी अर्ज करना चाहता हूं। यह आफिस चंडीगढ़ में है। हजारों की तादाद में पंचायतें है। यहां पर एक छोटा सा दफ्तर है ओर काम बहुत ज्यादा है। यहां के दफ्तर को चाहे कोई भाामलात इन्कवायरी हो या कोई छोटी इन्कवायरी हो उसको पूरी जांच करनी पड़ती है जिसके कारण स्टाफ बहुत कम पड़ता है। पिछले पांच सालों से डायरैक्टर पंचायत के दफ्तर में ज्वायंट डायरैक्टर की आसामी खाली पड़ी हुई है। उस पद को आज तक नहीं भरा गया है और न ही वहां पर सरकार रूल्ज बना पाई है। उस आसामी पर डिप्टी डायरैक्टर काम करता है। चार पांच साल से उसी ज्वायंट डायरैक्ट का काम लिया जा रहा है। मुझे आ ाा है कि मंत्री महोदय इस का जल्दी से जल्दी फैसला करेंगे और इस आफिस का विस्तार करेंगे।

दूसरी बात यह है कि पिछले दो साल में पाचं छः डायरैक्टर चेंज हुए है। हर दो महीने बाद नया डायरैक्टर पंचायत लगा देते है। इसलिए यह जरूरी है कि डायरैक्टर पंचायत को बार बार चेंज न किया जाये ताकि डिपार्टमैंट का काम ठीक तरह से चल सके।

डिप्टी स्पीकर साहब, मैं डिमांड नम्बर 10 के बारे में भी अर्ज करना चाहता हूं। हरियाणा में करोड़ों रूपया हैल्थ डिपार्टमैंट पर खर्च किया जात है परन्तु हस्पताल और प्राईमरी हैल्थ सैंटर्ज के लिए केवल 14 पैसे प्रति व्यक्ति का दवाई का प्रबंध किया गया है। यह गरीबों के साथ मजाक है। जो गरीब आदमी सरकारी हस्पताल में इलाज कराना चाहता है उसके लिए बहुत थोड़े पैसे दवाई के लिये रखे गये है। गरीब आदमी प्राइवेट डाक्टर को दिखा नहीं सकते। इसलिए 12–14 पैसे प्रति व्यक्ति का बजट में प्रबंध हो तो हस्पतालों का क्या मुद्दा है? इसलिये मुझे उम्मीद है कि दवाइयों के लिये ज्यादा से ज्यादा पैसा रखा जायेगा।

डिमांड नं0 15 पर बिजली के बारे में अर्ज करना चाहता हूं। सरकार ने फ्लैट रेट तो कर दिया लेकिन 17 रूपये प्रति हार्स पावर बहुत ज्यादा खर्चा रखा है। पड़ोस की पंजाब सरकार में 13 रूपए प्रति हार्स पावर लिया जाता है चार रूपए का काफी फर्क है इसलिये इसको भी पंजाब के बराबर किया जाना चाहिए।

(At this stage several members rose to speak)

Mr. Deputy Speaker: As there are still several members who want to participate in the discussion, if it is the sense of the House, the time of the sitting be extended by half an hour i.e. upto 1.30 p.m.

(Voices: Yes)

Mr. Deputy Speaker: The time of the sitting is extended upto 1.30 p.m.

वर्श 1979–80 के बजट पर अनुदानों की मांगों पर चर्चा तथा मतदान (पुनराम्भ)

स्वामी आदित्यवे ा(हथीन): डिमांड नं0 10, 15 और 17 पर अर्ज करना चाहता हूं। डिमांड नं0 दस में 35 करोड़ रूपया का प्रावधान किया गया है। इसमें से 13 करोड़ रूपया औशधियों के लिए रखा गया है। 2 करोड़ 5 लाख रूपया रोहतक मैडिकल कालेज के लिये रखा गया है। बाकी बीस करोड़ रूपया वेतन और कार्यालय के दूसरे खर्चे के लिए रखा है। कल हमारे वित मंत्री जी ने जो घोशणा की है कि सभी मिनिस्टर एम0एल0ए0 फलैट में चले जायेंगे इससे भी खर्चे में काफी फर्क पड़ेगा। इसी प्रकार से आज कार्यालयों का खर्चा भी बढ़ता जा रहा है। इसलिए मेरी प्रार्थना है कि कार्यालयों का खर्चा घटाया जाए और उसमें कटौती की जाए। तभी हम हरियाणा की जनता का भला कर सकते है। उपाध्यक्ष महोदय, हरियाणा की आबादी एक करोड़ बीस लाख है। एक करोड़ बीस लाख की आबादी के लिए 13 करोड़ रूपया दवाइयों के लिए रखा गया है। उपाध्यक्ष महोदय, श्री सुरजेवाला ने कहा है कि दवाई के लिए सिर्फ तेरह पैसे एक आदमी के लिए रखा है। इनको तो गलत आंकड़ें देने की आदत है। उपाध्यक्ष महोदय यह एक रूपया तेरह पैसे प्रति व्यक्ति निकलता है। मेरा

कहना यह है कि यह कम है इसको बढ़ाना चाहिए। आजकल बहुत महंगा इलाज है इसलिये इस महंगे इलाज को बदलने के लिए कदम उठाने चाहिए और प्राथमिक चिकित्सा में योगाभ्यास और एकूपन्चर पर जोर देना चाहिए और इन चीजों पर सरकार को पैसा खर्च करना चाहिए। महंगे इलाज पर इतना पैसा खर्च किया जाता है और फिर भी यह देखा गया है कि पूरा इलाज नहीं हो पाता है।

उपाध्यक्ष महोदय, अब मैं डिमांड नं0 15 के बारे में कहना चाहता हूं । इसमें चीफ इंजीनियर के आफिस के लिए छः लाख 81 हजार रूपया रखा गया है। उपाध्यक्ष महोदय एक आफिस के लिए इतना रूपया रखने का अर्थ है कि वहां पर इस रूपए से गलीचे आएंगे, फर्नीचर आएगा और सोफा सैट आएगा। मैं समझता हूं कि यह पैसा फिजूलखर्च होगा और इसमें कटौती की जानी चाहिएं। अगर हमारे मंत्रीगण और मुख्य मंत्री महोदय सादगी का जीवन व्यतीत कर सकते है तो हमारे आफिसर्ज भी सादगी का जीवन व्यतीत कर ाकते है। एक तरफ तो गांवों में लोगों को रहने के लिए मकान नहीं है और दूसरी तरफ एक चीफ इंजीनियर के लिए छः लाख 81 हजार रूपया रखा गया है। इसी तरह से पिंजौर गार्डन के लिए तीन लाख रूपया रखा है। यह पुराने बाद ाहों के जमाने का बाग है। इसको सजाने के लिए तीन लाख रूपया रखा है। एक कार्यालय के लिए छः लाख रूपया रखा है और एक के लिए तीन लाख रूपया रखा है। उपाध्यक्ष

महोदय, एक तरफ तो हम इतना रूपया बरबाद कर रहे है और दूसरी तरफ यह कहा जाता है कि हम हरियाणा की जनता की भलाई करेंगे। यह ठीक है कि सरकार की नियत जनता की भलाई करने की है और वह सच्चे मन से जनता की भलाई करना चाहती है लेकिन मेरा कहना केवल इतना है कि जब हमारे मंत्री और मुख्य मंत्री सादगी का जीवन व्यतीत कर सकते है तो हमारे कार्यालयों पर जो फिजूलखर्ची हो रही है उसको रोका जाना चाहिए।

उपाध्यक्ष महोदय, डिमांड नम्बर 15 में ड्रेनों की बात कही गई है और इसके लिए 1 करोड़ 23 लाख रूपया रखा गया है। लेकिन यह रूपया कहां जाता है इसका कुछ पता नहीं है। उपाध्यक्ष महोदय, मैं गुड़गांव की बाबत बताता हूं कि वहां नालों का जाल बिछा हुआ है। वहां पर काफी ड्रेंज और नालें है और इनके लिए पैसा भी मंजूर हो जाता है लेकिन काम नहीं होती। हथीन और रीडका के बीच में एक गोंछी ड्रेन है उस पर पुल नहीं बना है। मतरोल ड्रेन नं0 1 और नं0 2 हैं, दिघोट ड्रेन है, पिंगोंड ड्रेन और रानीका ड्रेन है। और भी बहुत सारी ड्रेंज है और इन सारी ड्रेंज के लिए एक करोड़ तेइस लाख रूपया रखा गया है। यह पैसा इनकी मुरम्मत के लिए है। उपाध्यक्ष महोदय, इन ड्रेंज की मुरम्मत इस प्रकार की जाती है कि जब बरसात नजदीक आ जाएगी, पानी गले तक आ जाएगा, उस समय दस–पांच मजदूर वहां पर लगा देंगे। मजदूर तो दस लगाएंगें और मस्टर रोल पर

पचास आदमी दिखा देंगे। हमारे यहां एक अलीमेव ड्रेन है। पिछली बार मैंने वहां देखा कि 45 आदमी वहां पर काम कर रहे है और मस्टर रोल पर नब्बे आदमी दिखाए हुए है यानी कि 45 की जगह नब्बे आदमियों का खर्च दिखाया जा रहा है। अगर इस तरह की घपलेबाजी हो तो क्या वास्तव में हम लोगों का भला कर सकते है। उपाध्यक्ष महोदय इसी प्रकार परिवार नियोजन के लिए तीन करोड़ रूपया रखा है। ये लोग जितना इस बात का प्रचार करेंगे कि परिवार नियोजन कराओ उतना ही उसका उल्टा असर पड़ेगा। मेरा कहना है कि अगर यही तीन करोड़ रूपया ब्रहाम्चर्य के प्रचार, इंद्रिय निग्रह के प्रचार और योगाभ्यास के प्रचार पर खर्च किया जाए तो कोई समस्या नहीं रहेगी।

चौधरी संत कंवरः उपाध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। स्वामी जी चाहते है कि सारे के सारे लोग इनकी तरह कपड़े पहने हो जाएं तो अपने आप परिवार नियोजन हो जाएगा।

स्वामी आदित्यवे I: उपाध्यक्ष महोदय, सब लोग मर्यादा पुरूशोतम राम को जानते है। चौदह साल तक वे अपनी पत्नी के साथ बनों में रहे और जब चौदह साल के बाद जंगलों से वापिस आए तब भी दो ही थे। हमारी सरकार को तो संयम का प्रचार करना चाहिए, फैमिली प्लानिंग आप हो जाएगा। मैं तो यह कहना चाहता हूं कि जनसंख्या बढ़ाओं आर्थिक विशमता घटाओं। उपाध्यक्ष महोदय, हरियाणा की आबादी एक करोड़ बीस लाख है और यहां 58 लाख टन अनाज पैदा हो रहा है।

चौधरी देसराजः आन ए प्वायंट आफ आर्डर। उपाध्यक्ष महोदय, समझ नहीं आता कि स्वामी जी पापुले ान बढ़ाने की बात क्यों कर रहे है इनको न तो किसी को रोटी देनी है और न ही किसी को कपड़ा देना है।

श्री उपाध्यक्षः स्वामी जी अब आप समाप्त करें। आपका टाईम हो गया है।

स्वामी आदित्यवे ाः उपाध्यक्ष महोदय, अगर धन का ठीक से बंटवारा कर दिया जाए तो.....

श्री उपाध्यक्षः स्वामी जी आप बैठ जाएं। रव राम नारायण जी आप बोलें।

स्वामी आदित्यवे ाः उपाध्यक्ष महोदय, आप मुझे एक मिनट और दें जिससे कि मैं अपनी बात पूरी कर सकूं।

श्री उपाध्यक्षः नहीं। अब आप बैठ जाएं।

राव राम नारायण(साहलावास): उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे टाईम दिया है। सबसे पहले मैं डिमांड नं0 दस जो मैडीकल की है, के बारे में बोलना चाहता हूं। आज फैमिली प्लानिंग के बारे में जो रेजोलू ान आया था, मैं उसका समर्थन करता हूं। बगैर फैमिली प्लानिंग के अपनाएं दे ा में खु ाहाली नहीं आ सकती है। उपाध्यक्ष महोदय, मेरे हल्कें में कोसली एक बहुत बड़ा गांव है। वहां पर 1922 से एक डिस्पैंसरी है। वह बहुत बुरी हालात में है। वह एक्स सर्विसमैंन का बहुत बड़ा

गांव है। सात हजार की आबादी है। वह हौस्पीटल अपग्रेड होना चाहिए। उस अस्पताल में मैडीसीन बिल्कुल नहीं मिलती है। और जो वहां पर डाक्टर है उसकी भी कोई अच्छी रेपुटे ान नहीं है। मेरे हल्कें में बव्वा एक गांव है वहां पर मैडीकल डिस्पैंसरी होनी चाहिए। जहां तक पब्लिक हैल्थ का ताल्लुक है उपाध्यक्ष महोदय मेरे हल्के के सारे गांवों में ब्रेकि ा वाटर है और अभी तक पीने के पानी की एक भी स्कीम वहां पर लागू नहीं हुई है। सरदार साहब ने मुझे अ योरैंस तो दी है कि मेरे हल्के में एक पीने की पानी की इसी साल स्कीम दे दी जाएगी और मुझे आ ाा है कि वह अपना अ योरैंस अव य पूरा करेंगें। मेरे हल्कें में झांसवा और मोहन बाड़ी ऐसी जगह है जहां पर तीन–चार मील से पीने का पानी लाना पड़ता है। मुझे आ ाा है कि इस तरह की तकलीफों को इसी साल एक पानी की स्कीम देकर अव य दूर करेंगे।

उपाध्यक्ष महोदय, अब मैं डिमांड नं0 15 जो सिंचाई के बारे में है, के संबंध में कुछ कहना चाहता हूं। जवाहर लाल नेहरू कैनाल पर डिस्ट्रिब्यूटरी और वाटर कोर्सिज का नैट वर्क सारे महेंद्रगढ़ और मेरे हल्के साल्हावास में हो चुका है लेकिन एक गांव को दूसरे गांव से मिलाने के लिए कहीं ब्रिज नहीं है। इससे लोगों को बहुत पेर ाानी होती है। बाज दफा तो एक आदमी को चार चार मील का चक्कर काटकर अपने खेत में पहुंचना पड़ता है। इसलिए वहां पर ब्रिजिज का होना बहुत जरूरी है। अगर पंजाब से हमें पानी नहीं मिला तो हमारे नहरें अब भी खाली है और आगे भी खाली रहेगी। उपाध्यक्ष महोदय मेरे हल्के में और महेंद्रगढ़ में अस्पताल और मेडीसीन दी जानी चाहिए, इनको काफी कमी है। इसके साथ–साथ

डिप्टी स्पीकर साहब, मैं बताना चाहता हूं कि मेरे हल्कें में से एक कैनाल गुजरती है और उसके साथ–साथ सेम काफी हो गई है। एक बार हमाने माननीय सिंचाई एवं बिजली मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह जी वहां पर गये थे और उस वक्त उनके नोटिस मैं मैंने यह बात लाई थी कि यहां पर इस कारण से काफी से ज्यादा जमीन खराब हो गई है अतः मेरी अपनी सरकार से प्रार्थना है कि इस ओर ध्यान दिया जाए ताकि लोगों को नुक्सान से बचाया जा सके।

अब मैं डिमांड नं0 17 पर बोलने जा रहा हूं। कोसली के अंदर 1935 में मंडी बनाने के लिए सरकार द्वारा जमीन एक्वायर की गई थी पर आज तक वह मंडी नहीं बनी है, मुझे मालूम नहीं कि इस इलाके के साथ क्यों इतनी डिसक्रिमिने ान की गई है। मैं कृशि मंत्री महोदय से यह रिक्वैस्ट करूंगा कि इस मंडी को टाप प्रायरिटी देकर डिवैल्पमैंट का कार्य किया जाए।

डिमांड नं0 18 के बारे में तो इतना ही कहना चाहता हूं कि मेरे हल्का में एक वऊआ जगह है वहां पर एक वेटरनिटी हस्पताल खोलने के लिए मैंने चौधरी भजन लाल जी से रिकवैस्ट की थी, मुझे पूरी आ ाा है कि वे इस तरफ अव य ध्याान देंगे।

इसके बाद मैं डिमांड नम्बर 21 के बारे में कुछ कहूंगा कि मेरे हल्के में दो ब्लाक्स नाहड़ और साहलावास है जिनकी हदूद वैल डिमारकेटिड नहीं है, मेरी रिकवैस्ट है कि हैडक्वाटर साहलावास की बजाये डाकला या सुवाना कर दिया जाए। अब मैं डिमांड नम्बर 22 में कोआप्रे ान का जिक्र करता हूं। देहातों में मिन्नी बैंक्स का जाल बिछा हुआ है और यह ठीक है कि किसानों को उन से काफी राहत

मिलती है लेकिन मैं बताना चाहता हूं कि इसके साथ–साथ कुरप्ान भी तेजी से हो रही है। एक दूसरे के नाम से बैंकों से कर्जा ले लिया जाता है और बाद में बेचारा किसान फंस जाता है और उसी को वह रकम पे करनी पड़ती है। इस प्रकार से जितने भी घपले हो रहे है, इसके बारे में मैं अपने वजीर साहब से कहूंगा कि इस तरफ खास तव्वजों दी जाए ताकि गरीब किसानों को किसी किस्म का नुकसान न हो सके। इन भाब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया और इसके साथ ही अपना स्थान लेता हूं।

कैप्टन मांगे राम(झज्जरए अनुसूचित जाति): डिप्टी स्पीकर साहब, सब से पहले मैं डिमांड नं0 10 जोकि मेडिकल और पब्लिक हैल्थ के बारे में है पर कुछ कहना चाहता हूं। डिप्टी स्पीकर साहब, मेरी सरकार से प्रार्थना है कि जहां पर फ्लड की वजह से बरबादी हो गई है, उन जगहों पर खास ध्यान दिया जाये वहां पर हस्पतालों की बिल्डिंगों के बारे में कहा था कि झज्जर सब डिवीजन में जिसमे साहलावास, बेरी और बादली वगैरह आते है, हस्पताल 24 बैडज का है, इसलिये उस हस्पताल में 24 बैडज की बजाय 50 बैडज की प्रोवीजन की जाए ताकि इस इलाके के लोगों को किसी किस्म की दिक्कत न आने पाये। दूसरी बात मैं अपने सरदार लछमन सिंह जी से कहूंगा कि वे एक बार हमारे हल्कें में चक्कर लगाकर आएं तो तभी लोगों को पता चलेगा कि जनता सरकार भी कुछ लोगों के भले के लिये काम कर रही है। मेरे हल्के में गुडयानी आदि गांवों में वाटर सप्लाई स्कीम का अभाव है अतः मेरी अपने मंत्री जी से प्रार्थना है कि इस तरफ भी तवज्जों देकर लोगों की कठिनाइयों को दूर

किया जाए। इसमें कोई भाक नहीं है कि काम हो रहे है और अच्छी प्रोग्रैस के साथ हो रहे है लेकिन सरकार को उन इलाकों की तरफ भी ध्यान देना चाहिये जहां पर बिल्कुल कोई तरक्की के काम नहीं हुये है।

डिप्टी स्पीकर साहब, अब मैं इरीगे ान के बारे में भी कुछ कहना चाहता हूं इसमें कोई संदेह नहीं है कि बजट में 75 परसैंट पैसा इरीगे ान के कामों पर खर्च करने के लिये रखा गया है। मैं अपने इरीगे ान मिनिस्टर साहब से कहूंगा कि सुबाना और सिकंदरपुर माईनर्ज की तरफ भी ध्यान दिया जाए और सिकन्दरपुर माईनर को सिलानी तक एक्सटेंड किया जाए, यह माईनर सन् 1952 से प्रोफेसर भोर सिंह जी के वक्त से ऐसी ही पड़ी हुई है। यह केवल आधा या एक मील का फासला है इसका काम भीघ्र ही समाप्त किया जाए ताकि लोगों को पानी की सुविधा मिल सके।

इस माईनर के बनने से बहुत से गांवों को खेती बाड़ी के मामलें में काफी मदद मिल सकती है। रिंग वगैरह जो है, उनकी रिपेयर वगैरह का काम भी करवाया जाए। मेरे हल्के में खूडन एक गांव है बहुत छोटा सा रास्ता है वहां पर हरिजनों के सात आठ पक्के घर है अगर उन घरों को बांध के अंदर ले लिया जाए तो ये घर बरबादी से बच सकते है। एक रतनथल गांव है यह तकरीबन आधा गांव पानी में घिरा हुआ है वहां के लोगों ने आई0पी0एम0 साहब से भी इस बारे में प्रार्थना की है कि अगर इस छोटे से एरिया को गरावड़ा से ऊपर एक पक्की रोड तक मिला दिया जाए तो यह एरिया फ्लड की लपेट से बच सकता है। मुझे पूर्ण आ ाा है कि हमारे मंत्री

महोदय इस तरफ पूरी तवज्जों देंगे, इसके साथ मेरी एक और प्रार्थना भी है कि रतनथल गांव में जो हरिजनों के 70–80 गांव है, वे फ्लड की वजह से बिल्कुल तबाह हो गये है और वे लोग झोपड़ियें में रह रहे है उनकी तरफ भी सरकार को ध्यान देना चाहिए। इसी तरह से क्लोई और मारोथ आदि हरिजनों के गांव है, इन सभी इलाकों के लिये सरकार को लोगों की भलाई के लिये कोई औद्योगिक सैंटर भी खोलने चाहिए और लोगों को धंधा भी देना चाहिये और साथ ही हाउसिंग विभाग की तरफ से इन लोगों के रहने के लिये हाउसिंग कालोनीज भी बनाई जानी चाहिए।

डिप्टी स्पीकर साहब, इससे आगे मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि यहां पर ए0सी0आरज0 को लिखेन की बातें भी आई है। डिप्टी स्पीकर साहब यह जो एस0डी0 ओज0 और एक्सीअनज है, उनकी ए0सी0आरज0 डी0सी0 लिखता है, यह बात गलत है। यह बेचारे काम तो अपने डिपार्टमैंट को जो उन से संबंधित है, करते है और ए0सी0आरज0 उनका अपना संबंधित आफीसर ही लिखें जिनके अंडर वे लोग काम करते है न कि डी0सी0 लिखें। मुझे सरकार से पूरी उम्मीद है कि वे भीघ्र ही इस बात का निर्णय लेगी।

डिप्टी स्पीकर साहब, जहां तक हरियाणा स्टेट इलैक्ट्रीसिटी बोर्ड का ताल्लुक है, उसने बड़ा सराहनीय काम किया है, इसमें कोई दो राय नहीं है। इसके साथ–साथ मैं अपने आई0पी0एम0 साहब से यह बताना चाहता हूं कि मेरे हलके में नरवाना से टोहाना, हिसार सराना और पटियाला तक डबल लाईन बिछाई जा रही है जिसके लिये मैं सरकार को बधाई देना चाहता हूं यह भी एक

